आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 24.03.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राज्य सरकार उपनल और संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए जल्द ठोस नीति बनाएगी।
- प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर शासन–प्रशासन स्तर पर राज्य भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।
- उत्तराखंड में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से अप्रैल माह में मॉक ड्रिल का आयोजन कर चारधाम यात्रा की तैयारियों को परखा जाएगा।
- यू०पी०सी०एल, प्रदेशभर में तीन दिवसीय बहुउद्देशीय विद्युत सेवा शिविरों का आयोजन कर रहा है।

नियमितीकरण नीति

राज्य सरकार उपनल और संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए जल्द ठोस नीति बनाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसकी घोषणा की है। कल देहरादून के आयोजित कार्यक्रम में श्री धामी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों और स्नातक युवाओं को आर्थिक सहायता और विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए एक उच्चस्तरीय समिति बनाई जाएगी। इसके अलावा 10 करोड़ रुपये तक के सरकारी कार्य अब स्थानीय ठेकेदारों को ही दिए जाएंगे।

कार्यक्रम में बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त होकर शिक्षा से जुड़ने वाले 13 बच्चों को सम्मानित किया गया। लखवाड़ परियोजना से प्रभावित भूमि मालिकों को 10 करोड़ रुपये का अनुग्रह अनुदान दिया गया। अटल आवास योजना के लाभार्थियों को चेक और चाबियां सौंपी गईं और प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए।

भाजपा सरकार–तीन कार्यकाल–1

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने अपने तीन साल पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर राज्यभर में मैदान से लेकर पहाड़ तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित सभी वर्गों की भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रमों के दौरान सरकार की तीन वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को जनता के साथ साझा किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस दौरान अपने संबोधन में राज्य के विकास के लिए सभी को साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया।

पहाड़ी क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में भी लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और सरकार की योजनाओं को सराहा। खासतौर पर महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार, बुनियादी ढांचे के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने की नीतियों को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

भाजपा सरकार–तीन कार्यकाल–2

इस बीच, मुख्यमंत्री धामी ने देहरादून से 'फिट इंडिया, फिट उत्तराखंड' अभियान की शुरुआत की, जिसमें उन्होंने युवाओं के साथ साइकिल रैली में हिस्सा लिया और मैदान में उतरकर पुशअप्स लगाकर फिटनेस का संदेश दिया।

श्री धामी ने देहरादून में मुख्यमंत्री ने भव्य रोड शो किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसके बाद आयोजित जनसभा में उन्होंने सरकार की तीन वर्षों की उपलब्धियां जनता के सामने रखीं और कहा कि सरकार का यह कार्यकाल सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जमीनी स्तर पर ठोस कार्य हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवाद और जातिवाद जैसी संकीर्ण मानसिकताओं से बचने की अपील करते हुए कहा कि उत्तराखंड सभी की भावनात्मक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने जनता से एकजुट होकर प्रदेश के विकास में भागीदारी की अपील की। उधर, चमोली में उत्तराखंड सरकार के तीन साल पूरे होने पर बदरीनाथ, थराली और कर्णप्रयाग विधानसभाओं में जन सेवा शिविर आयोजित किए गए। स्वास्थ्य, आयुर्वेद, होम्योपैथी, पशुपालन और अन्य विभागों ने मिलकर सैकड़ों लोगों की जांच कर दवाइयां बांटी और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

श्रद्धांजलि अर्पित

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। देहरादून में आयोजित "एक शाम देश के भगत के नाम" कार्यक्रम में उन्होंने इन वीरों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि देश की आज़ादी, भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के त्याग और संघर्ष का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगत सिंह समान अधिकारों की बात करते थे और उसी भावना को साकार करने के लिए उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू की गई है।

इस अवसर पर समाज सेवा और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया गया।

मॉक ड्रिल

उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आगामी चारधाम यात्रा के दौरान संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से अप्रैल में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों की तैयारियों की परख की जाएगी।

चारधाम यात्रा के मुख्य जिले उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग हैं, जबकि टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार और देहरादून ट्रांजिट जिलों में शामिल हैं। 14 अप्रैल को ओरिएंटेशन, 22 अप्रैल को टेबल टॉप एक्सरसाइज और 24 अप्रैल को मॉक ड्रिल का आयोजन प्रस्तावित है।

सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन ने बैठक कर मॉक ड्रिल की रूपरेखा तय की और कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल के लिए सभी संबंधित विभागों को उनकी भूमिका स्पष्ट कर सूचित किया जाएगा। आईआरएस प्रणाली के तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आपदा के समय कौन विभाग किस जिम्मेदारी को निभाएगा।

बैठक में सुझाव दिया गया कि हर धाम के लिए अलग आपदा प्रबंधन योजना और सभी जिलों की मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाए।

शिविर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर उत्तराखंड विद्युत कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) प्रदेशभर में तीन दिवसीय बहुउद्देशीय विद्युत सेवा शिविरों का आयोजन कर रहा है। इन शिविरों का उद्देश्य उपभोक्ताओं की बिजली से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

परेड ग्राउंड देहरादून में आयोजित सेवा, सुशासन और विकास कार्यक्रम में यूपीसीएल ने ''सोलर घर'' स्टॉल लगाकर आम लोगों को सौर ऊर्जा और विद्युत से जुड़ी जानकारियां दीं।

यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि उपखण्ड स्तर पर इन शिविरों में नए विद्युत कनेक्शन, मीटरिंग और बिलिंग की समस्याएं, विद्युत भार वृद्धि के आवेदन और खराब मीटरों की शिकायतों का समाधान किया जाएगा। साथ ही शिविरों के व्यापक प्रचार–प्रसार और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

राज्यपाल से भेंट

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा है कि उत्तराखंड में ट्राउट मत्स्य पालन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम बन सकता है। उन्होंने इस क्षेत्र में अधिक से अधिक युवाओं को प्रेरित करने और सरकार की योजनाओं का समुचित लाभ उठाने पर जोर दिया है।

चमोली जिले के विकासखंड देवाल स्थित ल्वाणी गांव के मत्स्य पालन उद्यमी मोहन सिंह बिष्ट ने राज्यपाल से भेंट की। मोहन सिंह बिष्ट वर्ष 2017 से ट्राउट मछली पालन के क्षेत्र में कार्यरत हैं और स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि ट्राउट मछली की बाजार में अत्यधिक मांग है और वे भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल व सशस्त्र सीमा बल को मछली की आपूर्ति कर रहे हैं। इस दौरान राज्यपाल ने मोहन सिंह बिष्ट के प्रयासों की सराहना की।

जांच

केदारनाथ यात्रा के लिए पशुपालन विभाग ने घोड़ा–खच्चरों के स्वास्थ्य जांच और पंजीकरण शिविर के दूसरे दिन रविवार को 420 घोड़ा–खच्चरों का यात्रा के लिए पंजीकरण किया। इस मौके पर घोड़ा–खच्चरों में ग्लाइंडर्स बीमारी के लक्षणों का पता लगाने के लिए उनके खून का सैंपल भी लिया गया।

ऊखीमठ ब्लॉक के बडासू, सीतापुर, न्यालसू और सोनप्रयाग के पशुपालक अपने जानवरों को लेकर पहुंचे। उप मुख्य पशुपालन अधिकारी डॉ. अशोक बिष्ट की मौजूदगी में छह सदस्यीय पशु चिकित्सकीय दल ने घोड़ा–खच्चर के स्वास्थ्य की जांच करते हुए सभी औपचारिकताएं पूरी की।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

उत्तराखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रमों को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है – मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के तीन साल पूरे पर आयोजित कार्यक्रम में किया ऐलान, उपनल कर्मियों को पक्का करने के लिए नीति बनेगी। दैनिक जागरण ने लिखा है – उपनल और संविदा कर्मियों के नियमितीकरण को ठोस नीति। अमर उजाला लिखता है– कर्मचारियों, युवाओं, ठेकेदारों को सौगात।

कनार्टक में मुस्लिम आरक्षण और औरंजेब को लेकर शुरू हुए विवाद पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बयान को सभी समाचार पत्रों ने प्रथम पृष्ठ पर स्थान दिया है। अमर उजाला आर.एस.एस के हवाले से लिखता है – धर्म आधारित आरक्षण असांविधानिक, आक्रांता जैसे मानसिकता वाले देश के लिए खतरा। दैनिक जागरण की ख़बर है – आक्रांताओं जैसे मानसिकता वाले भारत के लिए खतरा।

आज के समाचार पत्रों में आईएमएफ की रिपोर्ट को भी प्रमुखता दी गई है। अमर उजाला लिखता है– भारत की जीडीपी 10 साल में दोगुना, 105 फीसदी की वृद्धि।

श्री गुरु राम राय दरबार साहिब में आयोजित श्री झंडे जी के महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र ने लिखा है– श्री झंडे जी के दर्शन करने दूनवासियों का लगा तांता।